रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

विश्वविद्यालय की ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 15 जून से आरंभ

प्रदेश में सबसे पहले 12 जून से प्रारंभ होंगी रादुविवि की स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षायें

विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की ऑनलाईन बैठक का आयोजन

जबलपुर 08 जून। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 15 जून से प्रारंभ होने जा रही है। इस प्रक्रिया में विद्यार्थी कहीं से भी रादुविवि के एमपी ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित कर सकता है। ये निर्णय मंगलवार को माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया। माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने बताया कि कोविड प्रोटोकाल को देखते हुए छात्रहित में निणर्य लिया गया कि इस बाद प्रवेश से लेकर फीस ऑनलाईन जमा करने की सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान की जायेगी।

विश्वविद्यालय प्रवेश समिति की ऑनलाईन बैठक में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, प्रभारी कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा की मौजूदगी में प्रवेश समिति संयोजक प्रो. शैलेष चौबे ने बताया कि आगामी 15 जून से रादुविवि में ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ हो जायेगा। इसके अंतर्गत विद्यार्थी विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से विवि के शिक्षण विभागों में ऑनलाईन प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश पंजीयन के पश्चात विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जावेगी। जिसकी सूचना एमएसएस के माध्यम से छात्र को प्राप्त होगी। तत्पश्चात इच्छुक छात्र का प्रवेश विभाग द्वारा ऑनलाईन एप्रूव्ड किया जायेगा। एप्रूवल के पश्चात छात्र एमपी ऑनलाईन पोर्टल से निर्धारित प्रवेश फीस ऑनलाईन जमा करेगा। बैठक में ऑनलाईन प्रवेश को लेकर सेंट्रलाईज फीस सिस्टम पर भी चर्चा हुई जिसमें विद्यार्थी ऑनलाईन माध्यम से किसी भी विभाग में प्रवेश की फीस जमा कर सकेंगे।

12 जून से प्रारंभ हो रहीं परीक्षायें–

कोरोना से उत्पन्न परिस्थितियों एवं लॉकडाउन–2 के पश्चात कॉलेज स्तर की परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रदेश में सबसे पहले विश्वविद्यालय द्वारा विवि स्थापना दिवस 12 जून, 2021 से कॉलेज स्तर की परीक्षायें प्रारंभ की जा रही हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए मान. कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने कॉलेज स्तर की परीक्षाओं के शीघ्र आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं।

स्थापना दिवस, बलिदान दिवस पर होंगे कार्यक्रम–

ऑनलाईन बैठक में विश्वविद्यालय स्थापना दिवस, वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस एवं योग दिवस के मौके पर कोरोना गाईडलाईन के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक श्री रोहित सिंह कौशल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेण्डसे, संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, प्रो. रामशंकर, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्रा, नैक एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. राजेश्वरी राणा, कम्प्यूटर केन्द्र प्रभारी डॉ. अजय कुमार गुप्ता, विवि ऑनलाईन नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

रादुविवि जनसम्पर्क प्रकोष्ठ/क्रमांक/1026/08.06.2021